प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश मं 17 जिलों की एक लाख 16 हजार से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश।
2. मुख्यमंत्री ने आज सहारनपुर में 381 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण : मेरठ में इंटीग्रेटेड टाउनशिप की रखी आधारशिला।
3. सावन के आखिरी सोमवार पर आज शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ : वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का किया गया विशेष रूद्राक्ष श्रृंगार। और
4. अयोध्या में कल से 18 अगस्त तक चलेगी 13 जिलों के लिये अग्निवीर भर्ती : ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी होंगे शामिल।

———————

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में मूसलाधार बारिश से कई नदियां उफान पर है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश के 17 जिलों की 40 तहसीलें और 694 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इन इलाकों की 1 लाख 16 हजार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ की 14, एसडीआरएफ की 15 और

पीएसी की 15 टीमें तैनात को गई है। प्रभावित क्षेत्रों में नावों और मोटर बोट की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही ह।

इस बीच लगातार हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बुन्देलखंड और कानपुर मंडल के जिलों में यमुना, चम्बल, बेतवा और केन नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं कानपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण वाराणसी, बलिया, मिर्जापुर, चंदौली और गाजीपुर में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से शहर के कई इलाके पानी में डूब गये हैं। एक रिपोर्ट......

*वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है केंद्रीय जल आयोग के अनुसार 71.56 मीटर तक पहुंच गया, जो खतरे के निशान से ऊपर है। वाराणसी के सभी 84 घाट जलमग्न हो चुके हैं। अस्सी, सामनेघाट, मारुति नगर समेत कई इलाकों में गंगा और वरुणा नदी का पानी सड़कों तक पहुंच गया है। ढाब क्षेत्र के कई गांवों, जैसे छितौनी, चांदपुर, मुस्तफाबाद, बभनपुरा और अंबा में बाढ़ का पानी पहुंच चुका है, जिससे फसलें जलमग्न हो गई हैं। प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत सामग्री बाटी, इसके अलावा जिला प्रशासन के साथ स्थानीय लोग भी राहत कार्य में लगे है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

प्रयागराज में गंगा–यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। सोनभद्र में बकहर नदी का पूल डूबने से कांवड यात्रा का मार्ग बदला गया है। उन्नाव में

गंगा नदी के किनारे बसे गांवों और मुहल्लों में पानी भर गया है। राजधानी लखनऊ में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते लखनऊ, अयोध्या सहित कई जनपदों में आज कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल बंद रहे। प्रयागराज में कई स्थानों में बाढ़ के चलते कल से सात अगस्त तक सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 11 मंत्रियों की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का निरीक्षण कर रही है। आज मिर्जापुर में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी और आशीष पटेल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी जिलों में बाढ़ की स्थिति पर नजर रख रही है। बाइट......

*सरकार ने राहत कैंप में जितने लोग हैं उनके खाने की, उनके रहने की, उनकी दवाओं की, उनकी अन्य जरूरतों की तत्काल व्यवस्था ठीक ढंग से करें। इसका निर्देश दिया गया है और जो बाढ़ पीड़ित हैं वो आश्वस्त करना चाहते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनकी हर समस्या को सरकार देख रही है और जिनका कोई नुकसान होगा। बाढ़ खत्म होने के बाद उसका भी आकलन किया जाएगा और उसकी छतिपूर्ति भी किया जाएगा।*

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने पूर्वी

और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में कल भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है। बाइट....

*पिछले चौबीस घंटे में कई जगहों में काफी भारी वर्षा हुई जिसमें स्पेशली उत्तर प्रदेश का जो तराई बेल्ट है, बदायूं, मुरादाबाद हुआ। इधर लखनऊ है रायबरेली में भारी वर्षा हुई और कहीं न कहीं अगर हम आने वाले दिनों की बात करें तो आज भी प्रदेश में रेड अलर्ट है और कल हमारा जो उत्तर प्रदेश का जो नेपाल से हुए जिले हैं वहां पर भारी वर्षा की संभावना बनी रहेगी और कहीं न कहीं परसों से फिर धीरे–धीरे इसमें कमी देखने को मिल सकती है।*

——————————

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। कल लखनऊ में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कई जिलों के अधिकारियों से सीधा संवाद कर स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बाढ़ शरणालयों में महिला सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने, बच्चों के लिये दूध तथा रेस्क्यू में छोटी नावों का प्रयोग न करने के साथ–साथ बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत और खाद्य सामग्री वितरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में 381 करोड़ रुपये की 15 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में चल रही विभिन्न परियोजनाएं आज सहारनपुर को अलग पहचान दिला रही है। बाइट....

*डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कारण सहारनपुर की निराशा समाप्त हुई। सहारनपुर के साथ आज दोनों सरकारें पूरी मजबूती के साथ खड़ी हुई है। अब यहां पर चल रही परियोजनाएं सहारनपुर को एक पहचान दिलाती है। सहारनपुर को उसकी विरासत से जोड़ा गया है। मां साखम्बरी का पावन धाम होने के साथ ही माता साखम्बरी विश्वविद्यालय प्रारंभ हो चुका है।*

——————————

सहारनपुर के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ पहुंचे। उन्होंने यहां इंटीग्रेटेड टाउनशिप का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान श्री योगी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 675 उद्यमियों को 29 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये। साथ

ही 881 स्वयं सहायता समूहों को 64 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पहलों से मेरठ में आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को नई गति मिली है। बाइट....

*आज मेरठ की पहचान हो रही है। रैपिड रेल के साथ देश की पहली रैपिड रेल है और रैपिड रेल को हम मेट्रो के साथ भी मेरठ के अंदर जोड़ने जा रहे हैं। प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद के नाम पर इसी मेरठ में स्थापित हो रही है। अब सोतीगंज बीते दिनों की बात हुई। अब तो मेरठ की पहचान बन रही है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट में स्पोर्ट्स आइटम के लिए।*

———————————

आज पवित्र सावन माह के अन्तिम सोमवार पर प्रदेश भर में श्रद्धालु और कावंड़िये ऐतिहासिक मंदिरों तथा शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की आराधना कर रहे हैं। शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई है। इस अवसर पर पशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किये गये हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*लखनऊ के प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्त अपने आराध्य के दर्शन पूजन कर रहे हैं। वाराणसी में आज बाबा विश्वनाथ का विशेष रूद्राक्ष श्रृंगार किया गया। देश के कई हिस्सों से श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे हैं। भगवान राम की नगरी अयोध्या भी शिवमय हो गयी है। श्रद्धालओ ने सरयू स्नान के बाद नागेश्वरनाथ महादेव का सरयू नदी के जल से अभिषेक*

*किया। प्रदेश भर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारे लगी हैं। अमरोहा के गजरौला में शिव चाकेश्वर झारखंडी महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों की लाइन लगी हुई है। वहीं शाहजहांपुर के बनखंडी नाथ, विश्वनाथ, चौकसीनाथ मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

**सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के तहत 13 जिलों के लिये अग्निवीर सेना भर्ती रैली कल से 18 अगस्त तक अयोध्या कैंट स्थित डोगरा रेजीमेंटल ग्राउंड पर होगी। इस रैलो में 30 जून से 10 जुलाई तक आयोजित ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी भाग लेंगे। यह भर्ती अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क, टेक्निकल और ट्रेड्स मैन के रिक्त पदों के लिये की जा रही है। इसके साथ ही सिपाही नर्सिंग असिस्टैंट और सिपाही फार्मा श्रेणियों के लिये भी भर्ती की जायेगी।**

(समाप्त)